<u>समाचार</u>

# <u>रोका–छेका अभियान</u>

# <u>पुनः 14 मवेशी सड़कों से उठाकर पहुंचाए गए गौठान</u>

## <u>(निगम द्वारा चलाया जा रहा आवारा पशुओं के नियंत्रण का अभियान)</u>

**कोरबा 01 जुलाई 2020** – नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा रोका–छेका अभियान के तहत् शहर की सड़कों पर आवारा रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौठान या कांजीघर पहुँचाने का अभियान चलाया जा रहा है, इसी कड़ी में मंगलवार–बुधवार की दरमियानी रात 14 मवेशियों को सड़कों से काऊकेचर वाहन के माध्यम से उठाकर गौठान पहुँचाया जा चुका है।

शहर की सड़कों पर स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनती है तथा आवागमन करने वाले लागों को अनावश्यक परेशानी होती है। इन आवारा पशुओं को सड़कों से उठाकर उन्हें सुरक्षित रूप से गौठान या कांजीघर पहुँचाने का कार्य निगम अमले द्वारा रात्री के समय किया जा रहा है। मंगलवार–बुधवार की दरमियानी रात्रि भी यह अभियान घंटाघर से रविशंकर नगर तक मुख्य मार्ग, निगम कालोनी व निहारिका क्षेत्र स्थित मार्गो में चलाया गया तथा 14 मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से सड़कों से उठाकर गौठान पहुँचाया गया।

**<u>पशुपालकों से अपील</u>** :– महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रान्तर्गत समस्त खटाल संचालकों, पशुपालकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपना पालतू दुधारू पशु या अन्य मवेशियों को मुख्य मार्गों, सहायक सड़कों, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों आदि में खुला ना छोड़ें। पशुओं के खुले में विचरण करते पाये जाने पर निगम द्वारा उन्हें कांजीघर एवं गोठान में पहुंचाने की कार्यवाही की जायेगी, तत्पश्चात् निर्धारित शुल्क/अर्थदण्ड जमा करने के पश्चात् ही मवेशियों को छोड़ा जायेगा। अतः निगम द्वारा की जाने वाली कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचने के लिए पशुओं को सड़कों, सार्वजनिक स्थानों पर कदापि ना छोड़ें।